अमर उजाला 18/01/2026

पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मिशन ग्रीन व लीप मुंबई के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय पर्यावरण संरक्षण व सतत विकास कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम दिन प्रतिभागियों ने हरित संकल्प उपवन का भ्रमण किया, जहां अपशिष्ट सामग्री से बनी पेंटिंग्स की विशेषज्ञों ने सराहना की। कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर ईच वन प्लांट वन का संकल्प लिया गया। छात्रों को जैविक कचरा प्रबंधन के लिए लीफ कंपोस्टिंग की तकनीक सिखाई गई। जीएमएन नर्सिंग कॉलेज के उप प्रधान डॉ. सुभाष धमीजा ने इस प्रयास को अनूठा बताया। पर्यावरणविदों ने एनएसएस, एनसीसी व इको क्लब की भूमिका को सराहा। संवाद